# 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 160 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा

भारत सरकार ने 2026-27 रबी विपणन वर्ष (अप्रैल-मार्च) के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ौतरी की घोषणा की है। कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) की सिफ़ारिशों के आधार पर, भारतीय मंत्रिमंडल ने गेहूं और पांच अन्य रबी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा 1, अक्तूबर, 2025, को की।

आगामी विपणन वर्ष के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रुपये प्रति क्विंटल है जो कि 2025-26 में 2,425 रुपये प्रति क्विंटल था।

पिछले वर्ष से गेहूं का समर्थन मूल्य 6.59 प्रतिशत बढ़ाया गया है। जौ का समर्थन मूल्य 170 रुपये प्रति क्विंटल (करीब 8.58 प्रतिशत) बढ़ाया गया है।

तिलहनों और दालों का समर्थन मूल्य सबसे अधिक बढ़ाने कि सिफ़ारिश की गई है। कुसुम के मूल्य में 600 रुपये प्रति क्विंटल (करीब 10.1 प्रतिशत) की वृद्धी की गई है।

सरसों-तोरिया का समर्थन मूल्य 250 रुपये प्रति क्विंटल (करीब 4.2 प्रतिशत), मसूर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 300 रुपये प्रति क्विंटल (करीब 4.47 प्रतिशत), और चना का मूल्य 225 रुपये प्रति क्विंटल (करीब 3.98 प्रतिशत) बढ़ाया गया है।

**2026-27 मौसम में सरकारी खरीद के लिए रबी फ़सलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य**

| **फ़सल** | 2026-27 (रुपए/क्विंटल) | 2025-26 (रुपए/क्विंटल) | **बढ़ौतरी (रुपए/क्विंटल)** | **बढ़ौतरी प्रतिशत में** |
|---|---|---|---|---|
| गेहूं | 2,585 | 2,425 | 160 | 6.59% |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जौ | 2,150 | 1,980 | 170 | 8.58% |
| चना | 5,875 | 5,650 | 225 | 3.98% |
| मसूर | 7,000 | 6,700 | 300 | 4.47% |
| तोरिया-सरसों | 6,200 | 5,950 | 250 | 4.2% |
| कुसुम | 6,540 | 5,940 | 600 | 10.1% |

तो अब यह भी जानते हैं कि 2026-27 रबी विपणन मौसम में फ़सलों की व्यापक उत्पादन लागत क्या होगी?

सी ए सी पी की गणना के अनुसार, 2026-27 रबी विपणन मौसम के लिए गेहूं की व्यापक उत्पादन लागत 1,804 रुपये प्रति क्विंटल और जौ की 1,862 रुपये प्रति क्विंटल है।

2026-27 रबी विपणन मौसम के दौरान दालों में, मसूर और चना की व्यापक उत्पादन लागत क्रमशः 5,243 रुपये प्रति क्विंटल व 4,875 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है।

तिलहनों में, तोरिया-सरसों और कुसुम की व्यापक उत्पादन लागत क्रमशः 4,558 रुपये प्रति क्विंटल व 5,738 रुपये प्रति क्विंटल है।

**2026-27 रबी विपणन मौसम के लिए फ़सलों की अनुमानित उत्पादन लागत और एम एस पी**

| फ़सल | 2026-27 रबी विपणन मौसम की अनुमानित उत्पादन लागत (रुपये प्रति क्विंटल) | | | 2026-27 का एम एस पी (रुपए/ क्विंटल) |
|---|---|---|---|---|
| | *ए2 | **ए2+एफएल | #सी2 | |
| गेहूं | 994 | 1,239 | 1,804 | 2,585 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जौ | 912 | 1,361 | 1,862 | 2,150 |
| चना | 2,886 | 3,699 | 4,875 | 5,875 |
| मसूर | 2,825 | 3,705 | 5,243 | 7,000 |
| तोरिया-सरसों | 2,219 | 3,210 | 4,558 | 6,200 |
| कुसुम | 3,052 | 4,360 | 5,738 | 6,540 |

**स्रोत:** सी ए सी पी गणना

*ए2: वास्तविक भुगतान की गई लागत

**ए2+एफएल: वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य

#सी2: स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत {भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)}